WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845
MEERUT DARPAN NEWS
दैनिक
मेरठ दर्पण
वर्षः 05 अंक 268 मेरठ, शनिवार 17 अप्रैल, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया
आईना सच का..........

नेता और बीवी में समानता
दोनो को हम बड़े शौक़ से चुनते है ,
बाद में ये हमारी एक नही सुनते है 😂😂😂
HaHaHa
चाँद सूरज jokes

मेरठ में जारी कोरोना का कहर 551 पॉजिटिव

मेरठ दर्पण-मेरठ। मेरठ जिले में 551 नए कोरोना पॉजिटिव मिलने से हाहाकार मच गया। कोविड अस्पताल में आठ मरीजों की कोरोना से मौत हो गई। कोरोना की नई लहर को लेकर इलाज कर रहे चिकित्सक, डयूटी करने वाला स्टाफ भी घबरा गया है। अस्पताल में कोविड अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या 210 है। इनमें से 73 मरीज आईसीयू में गंभीर हालत में आक्सीजन, वाईपेप और वेंटीलेटर पर हैं। स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन में कोरोना की भयावह स्थिति से खलबली मची है। रोडवेज बस अड्डे पर सवारियों की गई एंटीजन में दो यात्री कोरोना पॉजिटिव आए हैं।

शुक्रवार को जिले में आठ हजार के करीब जांच की गई। इस जांच में 551 कोरोना के मरीज मिले हैं। एक साल के कोरोना काल में इस सप्ताह में कोरोना पॉजिटिव आने वाले वाले मरीजों की सबसे ज्यादा संख्या हो गई है। कोरोना के चलते 8 मरीजों की मौत हो गई है। कोरोना पॉजिटिव मरीजों में अधिकांश युवा संक्रमित मिल रहे हैं। कई परिवार तो ऐसे हैं, जहां सभी सदस्य कोरोना संक्रमण की गिरफ्त में आ चुके हैं।

गाजियाबाद 61 वर्षीय महिला समेत आठ कोरोना के पॉजिटिव मरीजों की मेडिकल के कोविड अस्पताल में मौत हो हुई है। इसमें चार मरीज मेरठ और अन्य बागपत, सम्भल, हापुड़ और मुजफ्फरनगर के हैं। इन सभी की मौत इलाज के दौरान हुई है।

भाजपा प्रत्याशी का ग्रामीणों ने किया विरोध,विरोध की वीडियो वायरल

मेरठ दर्पण-मेरठ। मेरठ जिला पंचायत के वार्ड नंबर 13 से भाजपा प्रत्याशी मीनाक्षी भराला का चुनाव प्रचार के दौरान दबथुवा गांव में विरोध हो गया। कुछ लोगों ने प्रचार के दौरान उनका घेराव कर नारेबाजी की। उन्होंने एक घर में पहुंचकर खुद को उन लोगों से अलग किया। बाद में प्रचार बीच में छोड़ा और यहां से चली गई। इस पूरे प्रकरण की किसी ने वीडियो बनाई जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। बतादें कि मीनाक्षी भराला वार्ड नंबर 13 से भाजपा की प्रत्याशी हैं। गुरुवार को वह अपने पति सतेंद्र भराला और समर्थकों को साथ लेकर दबथुवा गांव में पहुंचीं। उन्होंने प्रचार शुरू किया। एक मोहल्ले में कुछ लोगों ने उनको देखते ही नारेबाजी शुरू कर दी। उन लोगों ने उन्हें घेर भी लिया। मीनाक्षी भराला को एक घर के अंदर भेज दिया गया जबकि उनके पति और समर्थक उस घर के बाहर ही बैठ गए। उनके सामने भी लोगों ने खूब नारेबाजी की। मामला बढ़ते देख मीनाक्षी भराला ने चुनाव प्रचार बीच में ही छोड़ा और वहां से चली गई। इस पूरे मामले की किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। दिनभर यह मामला क्षेत्र में चर्चाओं का विषय बना रहा। जब इस बारे में सतेंद्र भराला से बात की गई तो उन्होंने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया।

50 फीट ऊंचे पेड़ पर चढ़ा मंदिर का पुजारी, पेड़ की टहनी टूटने से घायल हुए पुजारी

मेरठ दर्पण-मेरठ। मेरठ के लालकुर्ती इलाके में एक पुजारी करीब 50 फीट ऊंचे पेड़ पर चढ़ गए। वह टहनी टूटने से पेड़ पर अटक गए। जैसे-तैसे उन्हें नीचे उतारा। मामले की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई। लालकुर्ती में सब्जी मंडी के पास लोचन प्रसाद शिव हनुमान मंदिर है। इसके पुजारी आंजय पंडित हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह वह मंदिर के बाहर यूकेलिप्टस के करीब 50 फीट ऊंचे पेड़ पर चढ़ गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी तो दमकल कर्मी भी मौके पर आ गए। पुलिस और दमकल कर्मियों ने पुजारी को नीचे उतारने के काफी प्रयास किए लेकिन असफल रहे। काफी लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। अचानक इसी दौरान पुजारी जिस तहनी पर बैठे हुए थे, वह टूट गई। पुजारी कुछ नीचे गिर कर टहनियों में फंस गए। इसके बाद उन्हें काफी प्रयासों के बाद नीचे उतारा गया। लालपुर के थाने के इंस्पेक्टर बृजेश कुमार ने बताया कि पुजारी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके पेड़ पर चढ़ने की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

बढ़ती कोरोना महामारी के चलते शोभित विश्वविद्यालय में कोविड वैक्सीन के टीकाकरण का आयोजन

मेरठ दर्पण-मेरठ। आज शोभित विश्वविद्यालय मेरठ में विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए कोविड वैक्सीन के टीकाकरण का आयोजन किया गया। जिसमें 45 वर्ष तक के शिक्षकों एवं कर्मचारियों एवं उनके अभिभावकों को कोविड वैक्सीन की पहली डोज दी गई। इसके अलावा आसपास के क्षेत्रों के लोगों को भी आमंत्रित किया गया और उन्हें भी कॉविड वैक्सीन का टीका लगाया गया। टीकाकरण के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कुलसचिव भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी कोविड वैक्सीन का टीका लगवाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ ए पी गर्ग ने कहा कि शोभित विश्वविद्यालय अपने शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए प्रतिब) है। इससे पहले भी विश्वविद्यालय ने विषम परिस्थिति में विश्वविद्यालय प्रांगण के

अंतर्गत 100 बेड का कोरेंटाइन सेंटर बनाकर प्रशासन को दिया था तथा हजारों की संख्या में डिपार्टमेंट ऑफ बायो टेक्नोलॉजी ने हैंड सैनिटाइजर बनाकर प्रशासन को सौंपा गया था तथा आसपास के क्षेत्रों में बांटा गया था टीकाकरण के दौरान डी आई ओ प्रवीन गौतम, डॉ आशुतोष, सी एच ओ निधि ए एन एम अनुसुइया, ए एन एम अनुसुइया, ए एन एम गीता पंवार, आशा और नीता ने टीकाकरण किया। टीकाकरण के दौरान कुलसचिव डॉ गणेश भारद्वाज, उप कुलसचिव श्री रमन कौशिक, यूनिवर्सिटी के शिक्षकगण के साथ साथ आस पास स्थित कॉलोनी जैसे अक्षरधाम, पल्लवपुरम, दुल्हेड़ा आदि में रहने वाले लोगो ने भी कोरोना का टीका लगवाया। टीकाकरण होने के बाद डॉक्टरों द्वारा सभी टीका लगवाने वाले व्यक्तियों को कुछ महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए

कोरोना का टीका लगाने के बाद में कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरीरू उन्होंने कहा कि टीका लगने के बाद किसी भी तरह का तनाव न लें और यदि हल्का फुल्का बुखार आता भी है तो उनके द्वारा दी गई दवाइयों का सुबह-शाम सेवन करें और परेशान न हो टीका लगने के बाद हल्का फुल्का बुखार आना एक सामान्य बात है इसलिए सकारात्मक सोचे और सकारात्मक रहे।

व्यापारी के घर लाखो की चोरी

मेरठ दर्पण-मेरठ। सरस्वती लोक में चोरों ने एक व्यापारी के घर पर धावा बोलकर लाखों रुपये के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। साथ ही कालोनी के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जिसमें तीन युवक घर में एंट्री करते हुए नजर आए। ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के सरस्वती लोक परिसर स्थित सरस्वती कुंज ए-1 फर्स्ट फ्लोर में श्रीराम गुप्ता अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनकी नवीन गल्ला मंडी में खाद्य सामान की दुकान है। शुक्रवार सुबह 10 करीब वह अपनी दुकान पर चले गए। 11 बजे के करीब उनका बेटा शुभम गुप्ता घर पर ताला लगाकर पत्नी ईशा गुप्ता

और मां अर्चना गुप्ता के साथ डॉक्टर की दुकान पर दवाई लेने चले गए। दोपहर 12 बजे वह वापस आए तो मेन गेट के दरवाजे का इंटर लॉक टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। घर की अलमारी में रखे तीस तोला सोना और चार लाख की नकदी समेत काफी कीमती सामान गायब था। उन्होंने पुलिस को फोन किया। मौके पर पहुंचे माधावपुरम चौकी इंचार्ज ओमप्रकाश ने घटनास्थल का जायजा लिया और कालोनी के मेन गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जिसमें तीन युवक उनके घर की तरफ एंट्री करते हुए नजर आए। ब्रह्मपुरी थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।

दायीं तरफ से ही चली थी गोली, पोस्टमार्टम रिपार्ट से हुआ खुलासा

मेरठ दर्पण-मेरठ। कंकरखेड़ा में भाजपा पार्षद मनीष चौधरी उर्फ मिंटू के शव का पोस्टमार्टम तीन डॉक्टरों की मौजूदगी में हुआ। डॉक्टरों के अनुसार, बेहद करीब से गोली मारने से मिंटू की दायीं तरफ की कनपटी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस इस केस को आत्महत्या बता रही है, वहीं परिजन हत्या की बात पर अडिग हैं।

श्रद्धापुरी फेज-वन निवासी मनीष चौधरी नगर निगम में वार्ड-40 के भाजपा पार्षद थे। वह कंकरखेड़ा बाईपास स्थित ब्लैक पेपर रेस्टोरेंट के मालिक भी थे। गुरुवार सुबह उनकी गोली लगी लाश पाबली खास रेलवे फाटक के पास क्रेटा कार में मिली थी।

312 बोर के तमंचे से मारी गोली

इंस्पेक्टर तपेश्वर सागर ने बताया कि तीन डॉक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी के साथ शव का पोस्टमार्टम किया। इसकी लिखित रिपोर्ट शुक्रवार को प्राप्त हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, दायीं तरफ से गोली चलाई गई जो बाईं कनपटी को पार हो गई। 312 बोर के तमंचे का प्रयोग हुआ। डॉक्टरों ने बताया है कि कॉन्टेक्टध्क्लोज फायरिंग में हथियार से गोली के साथ गैस, हीट, बारूद और प्रेशर निकलता है। ऐसे में गोली लगने वाला स्थान क्षतिग्रस्त हो जाता है। इस केस में भी यही हुआ। दायीं कनपटी क्षत-विक्षत हो गई।

हत्या के बिंदुओं पर भी जांच जारी

इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के हाथ में गन पाउडर मिला है, यानि दाएं हाथ से तमंचा चलाया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे पास फोरेंसिक रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और ऑडियो मैसेज के सारे सुबूत मौजूद हैं जो इस केस को सीधे तौर पर आत्महत्या बताते हैं लेकिन मुकदमा हत्या की धाराओं में दर्ज हुआ है, इसलिए हत्या के बिंदुओं पर जांच जारी है। यदि हत्या के सुबूत नहीं मिल पाते हैं तो मुकदमे को आत्महत्या की धाराओं में तरमीम कर दिया जाएगा।

परिजनों ने उठाए सवाल

परिजनों ने कहा कि मुनीष उर्फ मिंटू सोने की चेन पहनते थे, जो उनके गले में नहीं मिली है। इसके अलावा मनीष के पर्स से पैसे गायब है। परिजनों का कहना है कि मनीष चोधरी के पास लाइसेंसी हथियार था। सुसाइड करते तो उसी हथियार से गोली मारते। जिस तमंचे से सुसाइड करना दिखाया है, उस पर जंग लगा हुआ है। परिजनों का आरोप है कि यह पूरा मामला एक महिला डॉक्टर से जुड़ा हुआ है, लेकिन पुलिस इसे आत्महत्या बताने पर तुली हुई है।

सम्पादकीय

पश्चिम बंगाल में शुभेंदु की संभावना

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव का आधा सफर पूरा हो गया है। चुनाव पर नजर रखने वाले भी यह मानकर चल रहे हैं कि वामपंथी, कांग्रेसी और ओवैसी कहीं भी मुख्य मुकाबले में नहीं हैं। आमने-सामने भाजपा और सत्तारूढ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ही दिख रहे हैं। भाजपा ने हिन्दू वोटों के ध्रुवीकरण का सुनियोजित तरीके से र्पयास किया और टीएमसी की नेता और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हिन्दू विरोधी साबित करने के लिए जय श्रीराम नारे का विरोध और दुर्गा र्पतिमा विसर्जन पर रोक का बार बार उल्लेख किया गया। ममता बनर्जी को इसीलिए जनसभा में अपना गोत्र बताना पड़ा। हालांकि ममता बनर्जी भाजपा के हिन्दू कार्ड को कमजोर करने का र्पयास भी कर रही थीं। इसा संदर्भ में मुख्यमंत्री ने गंगा सागर स्नान को कुंभ स्नान की मान्यता देने की मांग केर्न्द सरकार से की है। इतना ही नहीं, शारदीय नवरात्र में सैकड़ों दुर्गा पूजा पांडाल सरकार की तरफ से लगाये गये थे। इन सबके बावजूद धर्म के मुद्दे को लेकर भाजपा ही आगे है। ममता बनर्जी के पास बाहरी बनाम भीतरी का मुद्दा भी है। भाजपा को ममता बाहरी साबित कर रही हैं। वहां कांग्रेस और वामपंथी स्थानीय हैं। इसके साथ ही बांगलादेश से आये हिन्दू मुसलमान दोनों बाहरी हैं। ममता बनर्जी ने बंग्ला भाषा अनिवार्य करके मूल बंगालियों को अपने साथ जोड़ने का र्पयास किया है। यहां अन्य र्पदेशों के लगभग एक करोड़ लोग भी रहते हैं। चुनाव में इनके वोट भी काफी हेरफेर कर सकते हैं। भाजपा ने भी इशारा किया है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार की कमान बंग की मिट्टी को ही सौंपी जाएगी। बहरहाल, ध्रुवीकरण न हो सके, इसीलिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आयोग से आग्रह किया कि विधानसभा चुनाव के बाकी चरणों को एक बार में कराने पर विचार किया जाए। उन्होंने इसका आधार कोरोना संक्रमण बताया है। ममता बनर्जी ने जोर देते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने पहले ही आठ चरणों में मतदान कराने का विरोध किया था। तृणमूल कांग्रेस र्पमुख ने ट्वीट में कहा कि इस तरह के कदम के बारे में फैसला जनहित को देखते हुए लेना चाहिए। हालांकि आयोग ने इसे खारिज कर दिया है। अभी कुछ दिन पहले चुनावी रणनीतिकार र्पशांत किशोर का एक ऑडियो वायरल हुआ था, जिसमें दावा किया जा रहा था कि हिंदी भाषी फैक्ट अहम है और ये बीजेपी को समर्थन दे रहे हैं। कहा जाता है कि बीजेपी को कभी हिंदी बेल्ट की पार्टी कहा जाता था लेकिन अब इसे र्पवासी मतों से फायदा मिल सकता है। एक ओर टीएमसी लगातार बीजेपी को बाहरी लोगों की पार्टी बता रही है। हालांकि, बीजेपी ने टीएमसी के इस दावे को नकारा है और कहा है कि अगर पार्टी सत्ता में आती है तो मिट्टी का सपूत ही मुख्यमंत्री बनेगा। इसका मतलब यही लगाया जा रहा है कि शुभेंदु अधिकारी सीएम की कुर्सी पर बैठ सकते हैं। हालांकि, इसके लिए शुभेंदु को नन्दीग्राम से चुनाव में ममता बनर्जी को पराजित करना होगा। भाजपा के लिए भी यह फैसला आसान नहीं होगा क्योंकि कैलाश विजयवर्गीय जैसे नेता मध्य र्पदेश का घर बार छोडकर कोलकाता में यूं ही धुनी नहीं रमा रहे हैं।

अजगर निकलने से फैली सनसनी

मेरठ दर्पण-मेरठ। परिक्षतगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सिंहपुर में खेत किनारे विशालकाय अजगर निकलने से हड़कंप मच गया।ग्रामीणों ने अजगर की सूचना वन विभाग को दी।सूचना पर वनकर्मी मोके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को बोरे में बंद किया।वनकर्मी दीपक कुमार ने बताया कि अजगर की लंबाई लगभग 10 फुट तथा वजन 55 किलो के आसपास होगा।

जरूरतमंदों को मास्क व सैनिटाइजर वितरित

मेरठ दर्पण-मेरठ। मेरठ भाजपा के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी गजेन्द्र शर्मा ने आज कोरोना योद्धाओं मीडिया कर्मियों व पुलिसकर्मियों के साथ-साथ दिव्यांग एवं जरूरतमंद लोगों को कमिश्नरी चौराहे पर चरण लैबोरेटीज के डायरेक्टर ;षभ बंसल व चेयरमैन विपिन बंसल के द्वारा मास्क व सैनिटाइजर वितरित कराये। इस दौरान गजेन्द्र शर्मा ने कहा कि यदि कोरोना से बचना है तो मास्क व सैनिटाइजर का प्रयोग नियमित रूप से करना होगा।

मेरठ में खेलकूद गतिविधियां हो रही बंद, कई प्रतियोगिताएं हुई रद

मेरठ दर्पण-मेरठ। खेलकूद के गलियारे में बढ़ती हरियाली को एक बार फिर कोविड की नजर लगनी शुरू हो गई है। तेजी से बढ़ते संक्रमण को देखते हुए खेलकूद गतिविधियां बंद होने लगी हैं। खेल विभाग की ओर से कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम में नए सत्र के प्रवेश के लिए गुरुवार को आयोजित विभिन्न खेलों के ट्रायल को भी रद कर दिया। इसके साथ ही स्टेडियम में अब केवल प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को ही अभ्यास के लिए अनुमति प्रदान की जा रही है जिससे खिलाड़ी सुरक्षित माहौल में स्वयं अपना अभ्यास करते रह सकें। अन्य खिलाड़ियों व नए पंजी त खिलाड़ियों को फिलहाल स्टेडियम में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। खेलकूद की तमाम प्रतियोगिताएं भी रद की जा रही है। जिलाधिकारी की ओर से निर्देश जारी किए जाने के बाद बिना अनुमति प्रतियोगिताओं के आयोजन पर पाबंदी लगा रखी है। इसके साथ ही विभिनन खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी थी जिसे फिलहाल कुछ समय के लिए आयोजकों ने ही स्थगित कर दिया है। इसमें जिला एथलेटिक संघ की ओर से जूनियर एथलेटिक प्रतियोगिता भी शामिल है। स्कूलों के बंद होने से छात्र-छात्राओं की तमाम गतिविधियां भी बंद हो गई जिससे शारीरिक परिश्रम पूरी तरह से बंद हो गया है। कोविड के बढ़े प्रकोप को देखते हुए बंद होती गतिविधियों को देखते हुए सभी कोच एक बार फिर खिलाड़ियों को अपने घर के आस-पास ही प्रशिक्षण करने के लिए आनलाइन शेड्यूल भेजने की तैयारी कर रहे हैं। इससे खिलाड़ियों का दैनिक अभ्यास भी होता रहेगा। पिछले साल पूरा समय लाकडाउन में ही रहने के कारण खिलाड़ियों का प्रशिक्षण पूरी तरह से बंद हो जाने से उनका पूरा साल बर्बाद हो गया। तैयारी पर पकड़ मजबूत बनाने के लिए खिलाड़ियों ने जमकर प्रशिक्षण करना शुरू कर कुछ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया ही था कि एक बार फिर कोविड के मामले बढ़ने से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं रद की जाने लगी। एथलेटिक कोच गौरव त्यागी के अनुसार खिलाड़ी तो अपने घरों के आस-पास अभ्यास करते रहते हैं लेकिन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की शारीरिक गतिविधियां पूरी तरह से बंद हो जाती है जो उनके लिए ठीक नहीं है। जो बच्चे घर में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं उनके लिए यह जरूरी है कि समय निकालकर घर में या आस-पास कुछ शारीरिक परिश्रम या खेलकूद करते रहें। कुछ न हो तो कम से कम स्किपिंग ही करें लेकिन कोई न कोई गतिविधि जरूर करें। इससे शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता बनी रहती है। कोविड के माहौल में शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता का ही अधिक होना जरूरी है।

नेता के विरोध पर खादर में फसल कटाई का काम रुका

मेरठ दर्पण- बागपत। यमुना खादर में विवादित भूमि पर तैयार गेहूं की फसल की पुलिस की मौजूदगी कटाई की जा रही थी। हरियाणा के एक नेता के विरोध पर पुलिस ने फसल कटाई को रुकवा दिया। अब समस्या के निराकरण के बाद ही फसल की कटाई होगी। बागपत के ग्राम नंगला बहलोलपुर और हरियाणा के जनपद सोनीपत के ग्राम खुर्रमपुर के किसानों का खादर की भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। इस बार गेहूं बुआई के समय संघर्ष हुआ था। गेहूं फसल की कटाई के समय किसानों का विवाद न हो, इसके लिए सोनीपत प्रशासन ने अहम कदम उठाया। भूमि के रिकार्ड के आधार पर पुलिस की मौजूदगी में फसल काटने की किसानों को अनुमति दी गई थी। ग्राम नंगला बहलोलपुर के किसान मनवीर, जितेंद्र, वीरेंद्र यादव आदि का कहना है कि सोनीपत पुलिस की मौजूदगी में दोनों गांव के किसान गुरुवार को अपनी गेहूं फसल कटाई कंबाइन हार्वेस्टर मशीन से करा रहे थे। शाम 3.30 बजे सोनीपत का एक नेता 10-12 लोगों के साथ खेत में पहुंचा और गेहूं फसल कटाई का विरोध किया। पुलिस के समझाने के बाद भी नेता नहीं माना। पुलिस ने दोनों गांव के किसानों को फसल काटने से रोक दिया। अवगत कराया कि जब तक समस्या का निराकरण नहीं होगा, तब तक कोई फसल नहीं काटेगा। नंगला बहलोलपुर के हल्का इंचार्ज एसआइ मेघराज सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं। सोनीपत पुलिस सुबह दस बजे खादर में पहुंच थी, लेकिन देरी से कंबाइन हार्वेस्टर मशीन मिली। 25 बीघा गेहूं की फसल की कटाई हो पाई है। फसल कटाई का विरोध के समय कई लोगों ने मोबाइल से वीडियो बनाई जो इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल की गई।

जागरुकता अभियान: अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

☐ आग लगने पर बचाव के लिए अग्निशमन विभाग ने शिक्षक व छात्रों को मॉकड्रिल कर किया जागरूक

मेरठ दर्पण-मेरठ। परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत अग्नि सुरक्षा विषय पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 50 छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान अग्निशमन अधिकारी शांतनु कुमार यादव ने छात्रों को आग लगने के कारण और बचाव के तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने बताया की गर्मियों के समय पर लंबी यात्रा के दौरान वाहन का इंजन गर्म हो जाता है। जिससे आग लगने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। अगर आप एक्सप्रेस-वे पर है, तो दूर-दूर तक पानी की व्यवस्था नहीं होती है, इसलिए गाड़ी में 500 ग्राम का एक फायर एक्सटीन्गुइशेर जरूर रखें। कहीं भी आग लगने पर 1 मिनट से लेकर 4 मिनट तक का समय होता है, जिसमें आग पर काबू पाया जा सकता है। आग लगने पर घबराएं नहीं इत्मीनान से आग बुझाने के उपायों को सोचें और 4 मिनट के अंदर ही आग पर काबू पाया जा सकता है। किसी भी जगह आग लगने पर हम सभी की जिम्मेदारी है, कि आग को और ज्यादा बढ़ने से पहले बुझाने का प्रयास करें, क्योंकि अग्निशमन टीम के आने तक आग अधिक नहीं बढ़ेगी और उस पर काबू पाया जा सकता है। भवनों में अग्नि सुरक्षाह्नके बारे में जानकारी देते हुए बतायाह्नकिह्नगैस सिलेंडर नियम केह्नविरुद्ध एलपीजी सिलेंडर का भंडारण न करें, आग लगने पर लिफ्ट का प्रयोग न करें, सुरक्षा के लिए लगाएह्नगएह्नउपकरणों कोह्नउनकेह्नस्थानह्नसेह्नकहींह्नऔर स्थानांतरित न करें।ह्न इसकेह्नअतिरिक्त आग लगने पर तत्कालह्नअग्नि शमन विभागह्नकोह्नसूचित करें और टीम के पहुंचने तक आग बुझाने की यथासंभव कोशिश करते रहें।

अग्नि सुरक्षा विषय पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पल्लवी वर्मा दूसरे स्थान पर अभिषेक चौहान और तीसरे स्थान पर पंकज कुमार रहे। सभी छात्रों को अग्निशमन अधिकारी शांतनु कुमार यादव एवं निदेशक डॉ आलोक चौहान द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंत में अग्निशामक विभाग की टीम ने शिक्षक और छात्रों को मॉकड्रिल कर जागरूक किया। मंच संचालन अंकित गालयान ने किया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ हिमांशु शर्मा, मीडिया मैनेजर अजय चौधरी, दिग्विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने '**मेरठ दर्पण**' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता **RNI NO. UPHIN 2016/69845** **फोन** 9897419837 **Email : mrtdarpan@gmail.com**
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।

इनामी रहे दो बदमाशों को बी–वारंट पर लेने की तैयारी

मेरठ दर्पण– बागपत। हिस्ट्रीशीटर परमवीर तुगाना की हत्या के मामले में 50–50 हजार के इनामी रह चुके दो बदमाशों को पुलिस ने बी–वारंट पर लेने के लिए अदालत में अर्जी दाखिल कर दी है। पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर आरोपितों से पूछताछ करेगी। छपरौली थाने का हिस्ट्रीशीटर ग्राम तुगाना निवासी परमवीर की 22 जून 2020 की शाम ग्राम कुरड़ी में बदमाशों ने फायरिग की थी। परमवीर की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। छपरौली थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। छपरौली थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि इस वारदात में शामिल रहे अपराधी राजेश तोमर उर्फ जय निवासी अलीगढ़ को दिल्ली पुलिस और मुस्तफा उर्फ बंटी उर्फ राजेश निवासी सोनीपत द्धहरियाणाक्क को लखनऊ पुलिस ने गिरफ्तार किया। दोनों आरोपितों पर 50–50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। उन दोनों को बी–वारंट पर लेने के लिए अदालत में अर्जी दाखिल कर दी गई है। अदालत से अनुमति मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दे कि दोनों आरोपित लखनऊ में पूर्व ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह की हत्या के केस में भी शामिल रहे है। शूटर की निभाई थी भूमिका पुलिस का कहना है कि राजेश तोमर व राजेश उर्फ मुस्तफा ने हिस्ट्रीशीटर परमवीर की हत्या में शूटर की भूमिका निभाई थी। दोनों अपराधी शार्प शूटर है। रुपयों के लेनदेन में तो नहीं हुई रिहान की हत्या रटौल गांव के रिहान की सिर व सीने में गोली मारकर हत्या की गई थी। मृतक के भाई ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। ग्रामीणों के कयास हैं कि रुपयों के लेनदेन में हत्या तो नहीं हुई। बुधवार रात गांव निवासी रिहान उर्फ टोनी पुत्र अखलाक की अज्ञात बदमाश ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या से पूर्व रिहान को फोन कर घर से बुलाया था। पोस्टमार्टम में रिहान के सिर व सीने से अलग–अलग गोली निकली। मृतक के भाई पप्पू ने अज्ञात के खिलाफ भाई की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस रिहान की फोन सीडीआर खंगाल रही है। अभी पुलिस के हाथ कोई महत्वपूर्ण सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने कई संदिग्ध को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। कुछ ग्रामीणों को कहते भी सुना गया कि मृतक का कोई लोगों से लेनदेन रहता था। हत्या का कारण रुपयों का लेनदेन भी हो सकता है। इसके अलावा भी पुलिस कई बिदुओं पर जांच कर रही है। इंस्पेक्टर रवेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की जांच कर जल्द आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

33 वार्डों के लिए 551 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा,

मेरठ दर्पण–मेरठ। तीसरे चरण में 26 अप्रैल को मेरठ जिले में होने वाले पंचायत चुनाव की नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो गई। जनपद के 33 वार्डो के लिए 551 नामांकन प्राप्त हुए हैं। 16 और 17 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद 18 अप्रैल को नामांकन वापस लेने का समय है। गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नामांकन कक्ष तक सिर्फ प्रत्याशी और एक प्रस्तावक को भेजा गया। इस दौरान भी कोविड–19 के नियमों का पालन किया गया। 33 वार्डों में से सबसे कम नामांकन वार्ड–दो में प्राप्त हुए। इस वार्ड में मात्र आठ नामांकन ही किए गए हैं। सबसे अधिक नामांकन पत्र वार्ड–13 में 29 प्राप्त हुए हैं। अभी नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी के बाद पूरी स्थिति साफ हो सकेगी। पहले दिन समर्थकों को संभालने के लिए पुलिस को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी थी। नामांकन के दूसरे दिन पहले से ही सभी व्यवस्थाओं को पूरा कर लिया गया था। समर्थकों को काफी पहले ही रोक दिया गया था। सिर्फ प्रत्याशी और प्रस्तावक को ही अंदर जाने की अनुमति दी गई। हालांकि, सरधना विधायक संगीत सोम अपने काफिले के साथ जरूर नामांकन कक्ष तक पहुंचे। नामांकन के दूसरे और अंतिम दिन बीजेपी ने अपना शक्ति प्रदर्शन दिखाया। अपने–अपने समर्थकों और प्रत्याशियों के साथ सांसद राजेंद्र अग्रवाल, किठौर विधायक सत्यवीर त्यागी, दक्षिण विधायक सोमेंद्र तोमर, जिलाध्यक्ष अनुज राठी, महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल मौजूद रहे। विकास भवन सभागार में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने इसे विश्राम स्थल बना दिया। यहां दक्षिण विधायक, जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष और अन्य कार्यकर्ता आराम करते दिखे। जिला पंचायत के कई वार्ड ऐसे हैं जहां पर सभी दलों के साथ प्रत्याशियों ने भी पूरा गणित लगाया है। इसी गणित में जातीय समीकरण को साधने के लिए डमी प्रत्याशियों को पर्चे भरवाए गए हैं। सूत्रों के अनुसार वार्ड चार, वार्ड 11, वार्ड 13, वार्ड 19, वार्ड 30 और वार्ड 32 इनमें राजनीति का हर हथकंडा अपनाया गया है। इसमें सजातीय वोट ही नहीं बल्कि पार्टियों के परंपरागत वोट तक काटने के लिए डमी प्रत्याशियों को पर्चे भरवाए गए हैं। इन वार्डो में चुनावी रणनीति सिर्फ स्वयं के वोट हासिल करने तक नहीं बल्कि दूसरे के वोट काटने की भी रहेगी।

सरहद से आए थे वोट डालने, मिली मायूसी



मेरठ दर्पण– बागपत। बुढ़सैनी गांव के रहने वाले दर्शन कुमार ने कलक्ट्रेट में डीएम कार्यालय में शिकायत कर कहा कि वह अर्ध्द्धसैनिक बल में जम्मू कश्मीर में तैनात है। पंचायत चुनाव में वोट देने को गांव आए थे, लेकिन मतदाता सूची में नाम नहीं मिला। उनकी वोट कटवा दी गई। मुश्किल से वोट डालने के लिए छुट्टी मिली थी, लेकिन गांव आने पर निराशा मिलने से वह मानसिक तनाव में हैं। उनके भाई मुकेश की भी वोट काट दी। डीएम से वोट बनवाने की मांग की। इनके अलावा बुढसैनी के जयवीर, कौशल, खुशबू, प्रवीण, अमित, समेत दर्जनों लोगों की वोट भी काट दी गई। डीएम ने देखा मतपत्रों की पैकिग का काम डीएम राज कमल यादव ने गुरुवार को कलक्ट्रेट परिसर में मतपत्रों की चल रही पैकिग का काम देखा है। निर्देश दिए कि मतपत्रों की गिनती अच्छे से की जाए तथा मतपत्रों पर जो फालतू निशान हैं उनकी कटिग कर दी जाए। कोरोना से बचाव कर मतपत्रों की पैकिग तथा कटिग का काम करने का निर्देश दिया है। बता दें कि मत पत्रों की कटिग और पैकिग के काम में सैकड़ों कर्मचारी लगे हैं। कांशीराम कालोनी में पानी भरने पर विवाद कांशीराम कालोनी में टंकी का पानी भरने को लेकर तीन चार महिलाओं ने मिलकर मां बेटी को लाठी–डंडों से मारपीट कर लहूलुहान किया। पीड़िता ने पति संग कोतवाली पर आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी। कर्मचारी कांशीराम कालोनी में परिवार के साथ रहता है। रोजाना की भांति गुरुवार को भी रिक्शा लेकर भाड़ा करने गया था। दोपहर को कालोनी की महिलाओं से पति रेखा की कहासुनी हुई। आक्रोशित महिलाओं ने मिलकर रेखा व उसकी बेटी पर लाठी–डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में रेखा को सिर व बेटी को हाथ में चोट लगी। कालोनी के लोगों ने बमुश्किल दोनों पक्ष में बीचबचाव कराया। पता लगते पर कर्मवीर भी कालोनी पहुंचा। रेखा ने पति संग चारों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने इलाज कराकर पीड़िता को जांच के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

लोन नहीं चुकाया तो फोटो पर लिखा चोर, फिर की अभद्रता, ये है पूरा मामला

मेरठ दर्पण–मेरठ। मोबाइल एप से ऋण बांटने वाली फाइनेंस कंपनियां किस्त न चुकाने पर सोशल मीडिया पर उपभोक्ताओं को अपमानित कर रही हैं। उनके रिश्तेदारों के साथ भी एजेंट फोन पर अभद्रता कर रहे हैं। फेसबुक और वाट्सएप आईडी पर चोर तक लिखा गया है। लोन चुकाने में असमर्थ कुछ लोगों ने यह खुलासा किया है। ऐसी शिकायतों पर ही दो कंपनियों पर रोक भी लग चुकी है। इसके बावजूद ऐसी शिकायतें कम नहीं हो रही हैं। मेरठ में आरबीआई की गाइडलाइन को ताक पर रखकर करीब आठ फाइनेंस कंपनियां अब भी मनमानी कर रही हैं। ये कंपनियां लोन लेने वाले व्यक्ति की पर्सनल डिटेल्स लेकर सोशल मीडिया पर शेयर कर रही हैं। सोशल साइट्स पर उन्हें डिफाल्टर और चोर घोषित किया जा रहा है। लोगों की फोन लिस्ट में सेव नंबरों की सीरिज में संदेश भेजकर भी अपमानित किया जा रहा है। कुछ लोगों को फर्जी लीगल नोटिस तक भेजे गए हैं। दरअसल, लॉकडाउन के दौरान काफी संख्या में लोगों के व्यापार प्रभावित हुए। ऐसे में बैंकों ने भी उन्हें लोन देने से इनकार कर दिया। इसके बाद लोगों को इन कंपनियों का सहारा लेना पड़ा।ह्व

किस्त नहीं चुका पाए तो दी गई धमकियां

केस – 1

सरधना निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसने 30 हजार रुपये का लोन लिया था। लॉकडाउन के कारण काम बंद हो गया और समय से किस्त नहीं चुकाई जा सकी। हर आधे घंटे में कॉल आती है और फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। अब फोन लिस्ट के सभी नंबरों पर भी कॉल कर धमकी दी जा रही है।

केस – 2

गंगानगर निवासी व्यक्ति ने बताया कि लोन न चुकाने की बात कहकर उसकी फोटो पर चोर लिख दिया गया। लॉकडाउन के दौरान एक या दो किस्त चुकाने में देरी जरूर हुई थी। एंजेंट फोन पर पैसा चुकाने की बात कह रहे हैं और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। एजेंट के अनुसार रिश्तेदारों को संदेश भेजे जा रहे हैं।ह्व

कर सकते हैं शिकायत

रिजर्व बैंक की साइट पर शिकायत मैनेजमेंट सिस्टम पर क्लिक करें। यहां ऋण धारक को अपनी पर्सनल डिटेल मोबाइल नंबर, नाम, ईमेल आदि अंकित करना होगा। इसके साथ ही आपको फाइनेंस कंपनी और बैंक संबंधी जानकारी देनी होगी। साथ ही शिकायत से संबंधित संपूर्ण जानकारी डालनी होगी। जिसके बाद संबंधित अधिकारी आपसे संपर्क करेंगे।

अभद्रता का अधिकार नहीं

बैंक और फाइनेंस कंपनियां अगर वसूली के लिए एजेंट नियुक्त करती हैं तो ग्राहक से जबरदस्ती या अभद्रता का अधिकार नहीं हैं। अगर बिना गारंटर लोन दिया गया है तो रिश्तेदारों को लोन वसूली के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। अभद्रता, और धमकी देना अपराध की श्रेणी में आता है।

मुजफ्फरनगर में मंदिरों में चोरी, खेतों में मिले खाली दानपात्र, सन्तो में पुलिस के प्रति रोष

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

मुजफ्फरनगर। भोपा थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। मोरना क्षेत्र में करीब दर्जनों चोरियां हो चुकी है, लेकिन पुलिस किसी भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाई. गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने मन्दिर से दो दानपात्र चोरी कर लिए, मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है ।

भोपा थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक जारी है। मोरना क्षेत्र में पिछले कई महीनों से चोरी की घटनाये रुकने का नाम नही ले रही है, जिसके चलते ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस द्वारा चोरी की किसी भी घटना का खुलासा न होने से क्षेत्र के व्यक्तियों में पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है। गुरुवार की रात नीलकंठ महादेव मंदिर के बाहर रखे दो दानपात्र देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिए सुबह सवेरे मन्दिर के महंत बाबा बलदेव गिरी महाराज आरती पूजा करने के लिए उठे तो उन्हें मन्दिर का दानपात्र गायब मिला, वहीं बराबर में बने गंगा मन्दिर का दानपात्र भी गायब मिला। दानपात्र गायब होने की सूचना महाराज जी ने ग्रामीणों को दी तो मौके पर पहुंचे ग्रामीण नेमपाल, जनेश, राजकुमार, सोलाल चौहान, सतबीर, जय सिंह, भूषण, गिरवर्धन, अनुज, रोबिन, पवन, सुशील, राकेश भगत, मोहित, रवींन, कैलाश आदि ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दानपात्र को तलाश करने लगे, जिसमें दोनों दानपात्र मन्दिर के पीछे खेतों में ताले टूटे हुए मिलें, जिस पर ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चोरी का जल्द से जल्द खुलासा करने की मांग पुलिस से की है।

मतदान में बाधा उत्पन्न करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जायेगा, पोलिंग पार्टी किसी का भी आतिथ्य स्वीकार न करेंः डीएम

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

मुजफ्फरनगर। जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी सेल्वा कुमारी जे व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने जिला पंचायत सभाकक्ष में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत आयोजित बैठक में मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी पुलिस से कहा कि शान्तिपूर्वक व भयमुक्त चुनाव सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन क्षेत्र में पुलिस बल का फ्लैग मार्च' कराया जाये तथा पुलिस फोर्स के द्वारा रात्रि में गांव गांव औचक निरीक्षण किया जाये। उन्होने कहा कि हर स्थिति में आदर्श आचार सहिंता का पालन सभी प्रत्याशियों व उनके समर्थकों से करायें। जिला अधिकारी सेल्वा कुंमारी जे ने कहा कि पंचायत निर्वाचन को पारदर्शी, शान्तिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में समपन्न कराने की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होने सभी मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि चुनाव में बिना अनुमति वाले वाहनों पर सीज करने की कार्रवाई करें। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि सभी मजिस्ट्रेट अभी से ही भ्रमणशील हो जाये। उन्होने यह भी निर्देश दिये कि मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहे और छोटी से छोटी गतिविधियों पर भी अपनी नजर रखे। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि बसो में पुलिस कर्मी साथ जायेंगे और मतदान सम्पन्न कराने के बाद मत पेटियों को सुरक्षित स्ट्रॉग रूम में जमा करा कर ही वापस जायेगे। जिला मजिस्ट्रेटधजिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव में बाधा उत्पन्न करने वाले तत्वों से सख्ती से निपटा जायेगा। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों से सम्पर्क बनाये रखें और उनका मोबाइल नम्बर भी अपने पास रखे। उन्होंने कहा कि किसी के दबाव में न आये और निर्भीक होकर चुनाव सम्पन्न कराये।उन्होंने कहा कि मतदाताओं के साथ शालीनता के साथ पेश आये। उन्होंने बताया कि चुनाव के सम्बन्ध में कंट्रोल रूम को भी सूचित करते रहे। उन्होने कहा कि यह भी सुनिश्चित कराये कि सुव्यवस्थित ढंग से निर्भीक होकर मतदाता अपने मतो का प्रयोग करें। उन्होने कहा कि दबंग लोगों के विरूद्व समय रहते ही निरोधात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होनें निर्देश दिये कि मतदान के दिन अफवाहों को फैलने से सख्ती से रोकें तथा अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कडी कार्रवाई अमल मे लाये। उन्होने कहा कि ऐसा वातावरण तैयार करे कि मतदाता निर्भिक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने कहा कि अभी से ही सख्ती दिखनी चाहिये ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। अभी से ही दबंगों के पेच कसें तथा घटना होने पर तुरन्त प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि जिले को पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल प्राप्त हो जायेगा यदि और अधिक की जरूरत होगी तो पुलिस बल मिल जायेगा। परन्तु पुलिस बल का सही उपयोग करें। उन्होने कहा कि असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जायेगी ताकि बदमाश व खुराफाती लोगों पर तत्काल एक्शन लिया जाये। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि मतदाताओं पर कोई भी दबंग व्यक्ति दबाव न डाल सके यदि दबंग व्यक्ति मतदाता को रोकता है या डराने धमकाने की कोशिश करता है तो ऐसे व्यक्ति को पकड कर जेल भेजें। उन्होंने कहा कि भयमुक्त वातावरण तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिये कि मतदान समाम्त होने के बाद मत पेटियों को सील करा कर अपनी देखरेख में स्टॉग रूम पंहुचवायेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आलोक यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, एसपी सिटी, नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक सिंह, सभी उप जिलाधिकारी, सीओ व थानाध्यक्ष उपसिथत थे।

दो ट्रकों के बीच हुई आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत, एक की मौत, तीन घायल

7077533 9927077933

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

मुजफ्फरनगर। कस्बे में पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर ढांसरी गेट के सामने सुबह के समय दो ट्रकों की आमने-सामने से जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिसमें बिहार निवासी ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई तथा दूसरा ट्रक चालक व अन्य 2 लोग घायल हो गए आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई, जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया, जिन की गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। शुक्रवार को सुबह के समय कस्बे में पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर ढांसरी गेट के सामने दो ट्रकों की आमने-सामने से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें एक ट्रक चालक की दर्दनाक मौत हो गई तथा दूसरा ट्रक चालक व अन्य दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक ट्रक चालक बिहार निवासी रमेश बताया जा रहा है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दी। मृतक रमेश की मौत की खबर से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिजन खबर सुनते ही जानसठ के लिए रवाना हो गए। पुलिस ने परिजनों तथा ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी पर भिजवा दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ओर से वाहन दूर-दूर तक अपने आप ही घिसटते चले गए। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया, जिनकी गंभीर हालत को देखते हुए डश्वक्टरों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। सड़क से क्षतिग्रस्त हो गए वाहनों को हटाने के लिए जेसीबी मशीनों का सहारा लिया। घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड मशीन बुलाई गई और पुलिस राहत कार्य में जुटे थे।

नाइट कर्फ्यू के दौरान फोटोग्राफरों को आने जाने में छूट की मांग

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

मुजफ्फरनगर। फोटोग्राफर वेलफेयर सोसाइटी ने नाइट कर्फ्यू के दौरान अपना कार्य समाप्त करा रहे फोटोग्राफरो को आने जाने में छूट की मांग की है। कोरोना संक्रमण के बढते मामलों को देखते हुए प्रदेश सरकार की ओर से जनपद में नाइट कर्फ्यू लागू कर दिया गया है जिसके चलते शादी समारोह एवं अन्य शुभ कार्यो में फोटोग्राफी करने वाले फोटोग्राफरों की चिंता बढ़ गई है। नाइट कर्फ्यू के दौरान फोटोग्राफर की आवाजाही को लेकर आ रही परेशानी को लेकर फोटोग्राफर अपना कार्य समाप्त कर अपने कैमरे लाइव टेलीकास्ट में अन्य सामान के साथ वापस आ रहे हो तो रास्ते में किसी भी तरह की चेकिंग प्वाइंट पर ड्यूटी कर रहे अधिकारी वह पुलिस के द्वारा फोटोग्राफर को अपने निजी स्थान पर जाने की अनुमति प्रदान की जाए। मुजफ्फरनगर फोटोग्राफर वेलफेयर सोसाइटी ने नाइट कर्फ्यू के दौरान फोटोग्राफरों को आने जाने में छूट की मांग को लेकर जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी जे को सौंपा ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष ;षि पाल सैनी विजेंद्र सैनी मित्रसेन संजीव मनोज शर्मा आदि फोटोग्राफर मौजूद रहे।

जिले में दो स्थानों से अवैध शराब समेत चार पकडे

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

मुजफ्फरनगर। पुलिस ने अवैध शराब तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। उनके कब्जे स अवैध शराब बरामद की गई। मीरापुर पुलिस ने भूम्मा नहर पुल के पास से दो शातिर अवैध शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में वीरेन्द्र कुमार पुत्र शीशपाल निवासी भूसलाना सफीदो जींद हरियाणा तथा राहुल पुत्र चौनपाल निवासी एकता विहार कालोनी उझा रोड चांदनी बाग पानीपत हरियाणा शामिल हैं। उनके पास से 216 बोतल अंग्रेजी शराब हरियाणानाईट ब्लू मार्का तथा आठ पेटी देशी शराब बरामद की गई। यह शराब एक ईटोस कार में रखकर ले जाई जा रही थी। एक अन्य मामले में थाना नई मण्डी पुलिस ने जट मुझेडा के पास से दो शातिर अवैध शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम सुशील पुत्र शिखरचन्द तथा सोनू उर्फ धर्मेन्द्र पुत्र कूडे सिंह दोनों ग्राम भिक्की बताए गए हैं। उनके कब्जे से 450 पव्वे अवैध शराब तोहफा मार्का तथा एक मारूती कार बरामद की गई।

मुजफ्फरनगर में लॉकडाउन की अभी कोई योजना नहीं, रविवार कर्फ्यू भी इस बार प्रभावी नहीं, जमाखोरी न करें- एडीएम

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

मुजफ्फरनगर। कोरोना वायरस के कारण देशभर में लॉकडाउन को लेकर असमंजस की स्थिति है। जनपद मुजफ्फरनगर में एडीएम प्रशासन अमित कुमार ने स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि जिले में अभी लॉकडाउन की कोई योजना नहीं है तथा जनपद वासी अफवाहों पर ध्यान ना दें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी दुकानदार जमाखोरी न करें, यदि कोई भी दुकानदार जमाखोरी करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए जनपद में टीम का गठन किया गया है, जिले में छापेमार अभियान चलाया जाएगा तथा टीम शहर भर में भ्रमण करेगी, जो यह सुनिश्चित करेगी कि दुकानदार जमाखोरी ना करें। दुकानों पर खाद्य सामानों की रेट लिस्ट प्रशासन के द्वारा तय की गई, उसके आधार पर ही फल व सब्जी के थोक व फुटकर विक्रेता बिक्री करेंगे। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार पंचायत चुनाव के लिए पोलिंग पार्टी रवाना की जाएंगी इसलिए इस रविवार को मुजफ्फरनगर में रविवार कर्फ्यू प्रभावी नहीं होगा लेकिन साप्ताहिक बंदी वाले बाजार बंद रखे जाएंगे। उन्होंने सभी से कोरोना से बचाव के लिए सभी आवश्यक एहतियात बरतने की अपील भी की है।